# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 ............/2024**

**इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 के प्रायोगिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाइट पर जारी करने तथा उसे डाउनलोड कर परीक्षार्थी को वितरण कराने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 के प्रायोगिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों, उनके अभिभावक, शिक्षण संस्थानों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 की प्रायोगिक विषयों की परीक्षा **दिनांक–15.05.2024 से 16.05.2024** तक निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर संचालित होगी। प्रायोगिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र **समिति के वेबसाइट seniorsecondary.biharboardonline.com पर जारी कर दिया गया है, जो दिनांक 16.05.2024 तक अपलोड रहेगा।**

2. +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान से अनुरोध है कि अपने शिक्षण संस्थान से प्रायोगिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र समिति द्वारा उपलब्ध कराये गए यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से समिति के उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ संबंधित परीक्षार्थी को प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगे तथा डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र के आधार पर एक समेकित विवरण पंजी भी संधारित कर सुरक्षित रखेंगे।

3. प्रायोगिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से सम्पर्क कर अपना प्रवेश–पत्र (शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुहरयुक्त) प्राप्त कर लेंगे तथा परीक्षा के लिए निर्धारित **तिथि 15.05.2024 से 16.05.2024** तक की अवधि में अपने प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि एवं पाली के अनुसार परीक्षा देने हेतु उपस्थित होंगे। यह प्रवेश–पत्र मात्र प्रायोगिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु जारी किया जा रहा है। सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश–पत्र अलग से जारी किया जा चुका है।

4. **यह प्रवेश–पत्र केवल उत्प्रेषण (Sent-up) जाँच परीक्षा में उत्प्रेषित/उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के लिए ही मान्य होगा। उत्प्रेषण (Sent-up) जाँच परीक्षा में गैर–उत्प्रेषित/अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी तथा वैसे विद्यार्थी जिनका नामांकन रद्द किया जा चुका है, प्रायोगिक परीक्षा, 2024 में कदापि सम्मिलित नहीं होंगे।**

5. **+2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान को सूचित किया जाता है कि जो छात्र/छात्रा +2 विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा आयोजित उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में गैर–उत्प्रेषित (Non Sent-up)/अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित तथा वैसे विद्यार्थी जिनका नामांकन रद्द किया जा चुका है, उनका प्रवेश–पत्र (Admit Card) किसी भी परिस्थिति में उनके द्वारा जारी नहीं किया जायेगा। इस निर्देश की उपेक्षा करते हुए यदि किसी शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा किसी भी गैर–उत्प्रेषित (Non Sent-up) /अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्र/छात्रा तथा वैसे विद्यार्थी जिनका नामांकन रद्द किया जा चुका है, का प्रवेश–पत्र जारी कर दिया जाता है, तो इसे घोर अनियमितता मानते हुए समिति द्वारा मामले को अत्यन्त गंभीरता से लिया जायेगा और इससे उत्पन्न होने वाली किसी भी कठिनाई के लिए परीक्षार्थी तथा संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान जिम्मेवार होंगे।**

6. **दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए श्रुतिलेखक (Scribe/Writer) की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में:**–सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्रांक- F.No 34-02/2015-DD III दिनांक–29-08-2018 एवं पत्रांक F.No29-06/2019-DD III दिनांक–10-08-2022 द्वारा संसूचित प्रावधान के आलोक में दिव्यांग परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु लेखक (Scribe/Writer) उपलब्ध कराने के संबंध में प्रायोगिक परीक्षा संचालन के लिए

मार्गदर्शिका की कंडिका–6.2 में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी के लिए निदेश संसूचित है। श्रुतिलेखक की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दिव्यांगजन को परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देना होगा।

**7.** ऑनलाइन प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं0–0612–2230039 अथवा ई–मेल आई०डी०–reg.bsebhelpdesk@gmail.com पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

**ज्ञापांक** :–BSEB(SS)/ KEN/470/2024 पटना, दिनांक :–27/04/2024

प्रतिलिपि :
1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित। यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना विद्यालय प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।
2. मे० केल्ट्रॉन प्रा० लि० को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि उपर्युक्त के अनुसार इन्टरमीडिएट विशेष प्रायोगिक परीक्षा, 2024 के लिए प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने हेतु निर्धारित समय तक पोर्टल चालू रखने की सभी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अधीनस्थ सभी +2 विद्यालयों के प्रधान को इन्टरमीडिएट विशेष प्रायोगिक परीक्षा, 2024 के लिए प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराने हेतु दैनिक वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा की जाए।
4. उप निदेशक, आई0टी0/सिस्टम एनालिस्ट, आई०टी० (उ०मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अपने निगरानी एवं पर्यवेक्षण में उक्त के आलोक में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय ताकि किसी प्रकार की त्रुटि एवं विसंगति न हो। यह भी अनुरोध है कि परीक्षार्थियों, मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी के जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति की प्रति समिति के निर्दिष्ट BSEB Mobile App पर डाल दिया जाय ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित्त आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

   यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना +2 विद्यालय/महाविद्यालयों प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।
5. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

27.4.24
**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

27.4.24 27/4/24

C:\Users\Admin\Desktop\Vigyapti Regarding Compartmental Admit Card of Practical Exam 2024.docx2